तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025

10 पूर्व सैनिक सेवा परिषद को मिला 'तुलसी ...



11 मनोज पैनल ने देवी दंतेश्वरी दर्शन के बाद भरा नामांकन





# 800 रुपए बोरी यूरिया के बाद भी कृषि केंद्रों में मारामारी, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के किसान इन दिनों अच्छी बारिश होने और कृषि कार्य आवश्यक खाद बीज समय पर उपलब्ध होने से निश्चित थे,लेकिन बारिश थमते और मौसम साफ होते ही धान बीज में नर्सरी तैयार होने के लिए यूरिया छिड़काव की आवश्यकता होती है।

इन दिनों यूरिया की डिमांड बढ़ गयी है, लेकिन निजी दुकानों में भी यूरिया का टोटा है, इसके चलते किसान परेशान हैं। प्रतिबोरी यूरिया 800 रूपए में भी नहीं मिल रहा है। किसान फसल की बढ़वार के लिए यूरिया का उपयोग कर रहे हैं । यूरिया छिड़काव का समय आ गया है। किसान मौसम खुलते ही यूरिया के लिए भटक रहे हैं। हालांकि सहकारी समितियों में ऋण लेने वाले किसानों के पास ही इस समय पर्याप्त मात्रा में यूरिया है, जो किसान निजी दुकानों के भरोसे हैं,वे परेशान हो रहे हैं।

## मौसम खुलते ही खेतों में यूरिया छिड़काव आवश्यक

धान, मक्का व अन्य फसल में बोनी व रोपाई के समय ही डीएपी व अन्य रासायनिक खाद का उपयोग करेंगे



### यूरिया नहीं है कहकर ज्यादा दाम ले रहे दुकानदार

उल्लेखनीय है कि किसान फसल की बढ़वार के लिए यूरिया का ही उपयोग करते हैं। धान, मक्का व अन्य फसल में बोनी व रोपाई के समय ही डीएपी व अन्य रासायनिक खाद का उपयोग करते हैं। इसके बाद बढ़वार से लेकर बाली निकलने के लिए भी यूरिया का ही उपयोग करते हैं। इस समय यूरिया की डिमांड बढ़ गयी है, लेकिन किल्लत है। वर्तमान में दुकानों में दुकानदार यूरिया नहीं होने की बात कहते हुए अधिक दाम ले रहे हैं। हालांकि किसानों को नैनो यूरिया का उपयोग करने सलाह दिया जा रहा है पर किसान दानेदार यूरिया की मांग कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने रेखचंद ने मांगा समर्थन

जगदलपुर। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन प्रत्याशी की जीत तय कराने जुटे हैं। उन्होंने रविवार को पटना साहिब के वार्ड क्रमांक 69 से कांग्रेस पार्षद मनोज मेहता की अध्यक्षता मे वार्डवासियों की बैठक लेकर कांग्रेस के लिये समर्थन मांगा। इस दौरान उनके साथ विजय सिंह,अभय जायसवाल सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### लक्ष्मीनारायण मंदिर में भंडारा होगा 10 को

जगदलपुर। आगामी 10 अगस्त को दोपहर 1 बजे लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रवीर वार्ड में भण्डारा में अन्न भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। भगवान भूतेश्वर महादेव का महाप्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं से मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ भी लेने का निवेदन किया गया है।

### नम्रता ने संभाला जिपं सीईओ का पदभार

जगदलपुर। बीजापुर जिले के जिला पंचायत की मुख्य



कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने 4 अगस्त को पदभार ग्रहण किया । वह भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले एसडीएम सरायपाली जिला महासमुंद का दायित्व संभाल रहीं थी। वे मूलतः झारखण्ड के गढ़वा जिले की निवासी हैं।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनायी जाएगी 16 को

जगदलपुर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर 16 अगस्त को रोटरी क्लब में



भव्य कार्यक्रम किया जाएगा । जिसमें भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के साथ उनके बाल्यकाल के विभिन्न क्रियाकलापों की जीवंत प्रस्तुति होगी। इसे भगवान कृष्ण के भक्त और श्रद्धालु देखकर आनंदित होंगे।

### वेंकटेश्वर स्वामी का होगा हल्दी से अभिषेक आज



जगदलपुर। भगवान वेंकटेश्वर स्वामी का बालाजी मंदिर में 5 अगस्त को एकादशी के शुभ अवसर पर सुबह 10 बजे हल्दी से अभिषेक किया जाएगा। पूजा के उपरांत भोजन प्रसाद की व्यवस्था भक्तों के लिए की गई है।

### भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

जगदलपुर। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का प्रांतीय अधिवेशन तीन अगस्त को रायपुर में संपन्न हुआ। अधिवेशन में बड़ी संख्या में प्रदेश भर के पेंशनर्स शामिल हुए। इस अधिवेशन में बस्तर संभाग के नारायणपुर, कांकेर, कोंडागांव, जगदलपुर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर से महासंघ के जिलाध्यक्षों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, पेंशनर साथी एवं मातृ शक्ति अधिवेशन में शामिल होकर सफल बनाने में योगदान प्रदान किए। अधिवेशन में मुख्य अतिथि से केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि पेंशनरों के महंगाई राहत में बाधक मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम को लेकर विचार मंथन हो रहा है, किंतु ये भारत शासन का एक्ट है,इसलिए शीघ्र ही इसे विलोपित करने की दिशा में विधानसभा शासकीय संकल्प लाया जावेगा।

धर्म-कर्म : नर्मदेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक और भंडारा, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

# सावन सोमवार को शिव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, हर-हर महादेव रहा गुंजायमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सावन माह के अंतिम सोमवार को आकाश नगर स्थित श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर में महा रुद्राभिषेक एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर शिवभक्तों से खचाखच भरा रहा और श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से भगवान शिव की आराधना की।

कार्यक्रम का आयोजन नर्मदेश्वर जनकल्याण समिति के द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य पुजारी पं. अनिरुद्ध मिश्रा ने वेद मंत्रों और विधिवत पूजन के साथ दिव्य रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया। भक्तों ने गंगाजल, दूध, दही, शहद, पंचामृत व बेलपत्र से भगवान शिव का अभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी रही। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष फरवरी माह में महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई थी। मंदिर का निर्माण वार्डवासियों के सहयोग से ⏭ शेष पेज 10 पर





### सांसद ने रामपाल शिवालय में किए दर्शन

जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर स्थित रामपाल शिवालय में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को सांसद महेश कश्यप अपने परिवार सहित रामपाल स्थित रामायणकालीन प्राचीन शिवालय में भगवान शिव के दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति,समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया और कार्यों की गुणवत्ता व प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे शिवभक्तों से सौहार्द्रपूर्वक भेंट कर उनका ⏭ शेष पेज 10 पर

### विधायक ने डुरकाबेड़ा शिव मंदिर में किया जलाभिषेक



घाटलोहंगा/भोण्ड। विधायक लखेश्वर बघेल आज अपने ग्रह ग्राम गिरोला के डुरकाबेड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विशेष पूजन-अर्चना की। उन्होंने जल अभिषेक के साथ दूध, दही, शहद, घी, गंगाजल, भांग, धतूरा, बेल पत्ता, कमल फूल और अन्य पूजन सामग्री भगवान शिव को अर्पित की। विधायक ने बताया कि तृतीय शताब्दी के समय भगवान राम जब डुरकाबेड़ा पहुंचे थे, तब यहां स्वयंभू शिवलिंग प्रकट हुए थे इसके बाद पूर्वजों के कुशल नेतृत्व से इसे धार्मिक स्थल के रूप में स्थापित किया गया। मंदिर प्रांगण में वेद की उत्पत्ति भी मानी जाती है, जो चारों दिशाओं में आध्यात्मिक तेज और सकारात्मक ऊर्जा फैलाता है। पूजन ⏭ शेष पेज 10 पर

# कांग्रेस ने तहसीलदार व नायब तहसीलदारों की हड़ताल को दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने 17 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के अनिश्चितकालीन हड़ताल को समर्थन दिया । अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश में पहली बार कोई प्रशासनिक राजपत्रित अधिकारियों ने 1 हफ्ते से अधिक समय तक हड़ताल को जारी रखा है, इस से साबित हो जाता है कि भाजपा की सरकार को छत्तीसगढ़ के विकास से सरोकार नहीं है। अनिश्चित कालीन हड़ताल पर सरकार गंभीर नहीं है । उन्होंने कहा आम जनता किसान मजदूर तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के जायज मांगों पर सरकार गंभीर नहीं है।

- मांगों को जायज बताते पूरा करने की मांग सरकार से की

स्कूल खुल चुके हैं, जाति निवास आय के लिए राजस्व रिकॉर्ड के दुरुस्ती के लिए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । इसके बावजूद भी सरकार जायज मांगों पर ध्यान नही दे रही है । इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महामंत्री निकेत झा, अनुराग महतो, अभिषेक डेविड, ललिता राव,आभास महंती, सिद्धार्थ तिवारी मौजूद रहे।

# जिले में आमचो बस्तर पोर्टल से जन सुविधाओं को बेहतर बनाने मिल रही मदद

ग्रामीणों के आवेदन पर घाटकवाली एवं तुसेल के सोलर ड्यूल पम्प संयंत्रों का सुधार कर किया कार्यशील

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले में अभिनव पहल डिजिटल जन शिकायत निवारण पोर्टल "आमचो बस्तर" की शुरुआत की गई है, जो अब जन सुविधाओं को बेहतर बनाने सहित समस्याओं के निदान में मददगार साबित हो रही है। यह पोर्टल ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को सीधे जिला प्रशासन से जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है और उन्हें विभिन्न सेवाओं से सम्बंधित शिकायतों, मांग एवं समस्याओं को समाधान करने के लिए कारगर सिद्ध हो रहा है। कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में आमचो बस्तर ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत घाटकवाली (जुनापारा) के निवासी पदमनाग कश्यप द्वारा ग्राम में स्थापित सोलर ड्यूल पम्प संयंत्र



अकार्यशील होने की शिकायत की गई थी। उक्त प्राप्त शिकायत पर क्रेडा जिला कार्यालय बस्तर द्वारा क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए अकार्यशील संयंत्र को संबंधित कलस्टर टेक्नीशियन के माध्यम से तकनीकी समस्या को दुरूस्त किया गया जिसके तहत एक नग नवीन पैनल स्थापित, केबल, स्ट्रक्चर में सुधार इत्यादि की स्थापना कर सयंत्र को गत 28 जुलाई 2025 को सुचारू रूप से कार्यशील किया गया।

इसी तरह विकासखण्ड जगदलपुर के तुसेल (जुनापारा) में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत स्थापित सोलर ड्यूल पम्प संयंत्र अकार्यशील होने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर क्रेडा जिला कार्यालय बस्तर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अकार्यशील संयंत्र में तकनीकी समस्या को दुरूस्त किया गया। इस सयंत्र में नवीन केबल, एमसीबी, स्वीच इत्यादि की स्थापना कर संयंत्र को बीते 3 अगस्त को कार्यशील किया गया है। इन दोनों सोलर ड्यूल पम्पों का मरम्मत एवं सुधार हो जाने से ग्रामवासियों के वर्षाकाल में शुद्ध पेयजल संकट का निदान हुआ है।

### कुंडगुड़ा मधोता-2 में ग्रामसभा का आयोजन



जगदलपुर/बस्तर। बस्तर ब्लाक के ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता-2 में ग्राम सभा में ग्राम विकास योजनाओं की समीक्षा,आय-व्यय का ब्यौरा,और स्थानीय समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। जिसमें सरपंच ईश्वर मंडावी ने कहा कि अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने और ग्राम विकास में भाग लें। ग्राम पंचायत ने आगामी विकास कार्यों के लिए विस्तृत योजना तैयार करने का निर्णय लिया, जिसमें जल संचयन, सड़क निर्माण, और स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ग्रामवासियों ने भी अपने विचार और सुझाव रखे और एकमत से निर्णय लिया कि प्रस्तावित विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान उपसरपंच सामबती ठाकुर,सचिव ललित बघेल, सीएसी कृष्णा सिंह ठाकुर,कृषि विस्तार अधिकारी बसंत टोप्पो,शिक्षक लोकेश यदु,चैतन भूआर्य,चुम्मन सिंह ठाकुर, ग्राम पटेल उर्धश्वर ठाकुर,कोटवार श्यामलाल मंडावी, पंचगण और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अटैच मंडल संयोजक को जल्द हटाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मंडल संयोजक के पद पर प्रभार दिए जाने को लेकर आज जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस हेमंत कश्यप ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया । कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि अ ति शी घ्र अटैच मंडल संयोजक को मूल संस्था भेजने आदेश जारी कर दिया जाएगा।

- शासन और संयुक्त संचालक के आदेश के बाद भी अटैच होकर जमे हुए हैं कई लोग

वर्तमान में शासन के संज्ञान में यह आया है कि आयुक्त एवं कलेक्टर द्वारा अन्य विभाग के कर्मचारियों को मंडल संयोजक के पद का प्रभार दिया जा रहा है । विभागीय भर्ती, पदोन्नति नियम अनुसार मंडल संयोजक का पद रिक्त होने पर उस विकासखंड में पदस्थ वरिष्ठ छात्रावास अधीक्षक, विभागीय लिपिक संवर्गीय कर्मचारियों को प्रभार दिया जाए। अपरिहार्य परिस्थितियों में यदि जिला स्तर से किसी मंडल संयोजक के पद का प्रभार अन्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक को सौंपा जाना है तो उसका औचित्यपूर्ण प्रस्ताव शासन को प्रेषित करते हुए आवश्यक अनुमोदन उपरांत ही आगामी कार्रवाई की जाए। आज इस मुद्दे को लेकर जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस हेमंत कश्यप ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया । कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि अतिशीघ्र अटैच मंडल संयोजक को मूल संस्था भेजने आदेश जारी कर दिया जाएगा। इस संबंध में 30 जुलाई को संयुक्त संचालक शिक्षा ने आदेश जारी कर संलग्नीकरण खत्म करने के निर्देश दिए हैं । शासन से आदेश जारी हुए एक माह बीत चुके हैं फिर भी जिला स्तर में अटैच मंडल संयोजक को शिक्षा विभाग के मूल पदस्थ संस्था में नहीं भेजा गया है। यहां शिक्षकों की कमी से बस्तर जिला जूझ रहा है फिर भी शिक्षकों को डिटैच नहीं किया जा रहा।



### ये रहे मौजूद

इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष अभिषेक डेविड, प्रदेश सचिव आदर्श नायक,जिला सचिव विजय भारती, रोशन पानी मौजूद रहे।

## महापौर, कलेक्टर और आयुक्त ने तैयारियों का किया निरीक्षण

# दलपत सागर को जलकुंभी से मुक्त करने नगर निगम ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दलपत सागर को जलकुंभी से मुक्त करने की दिशा में नगर निगम ने प्रयास प्रारंभ किया है। इस अभियान की तैयारियों का निरीक्षण आज महापौर संजय पाण्डे, कलेक्टर हरिश एस एवं नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने किया।

दलपत सागर में बीते पांच दिनों से जलकुंभी हटाने की डेमो प्रक्रिया चलाई जा रही है। इस डेमो के माध्यम से तकनीकी पद्धतियों और उपलब्ध संसाधनों का मूल्यांकन एवं परीक्षण किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में बड़े पैमाने पर अभियान को संपन्न किया जा सके।



महापौर एवं आयुक्त लगातार दलपत सागर स्थल का दौरा कर तकनीकी अमलों के साथ इस कार्य की निगरानी कर रहे हैं। इस अभियान के सफल संचालन के लिए जल संसाधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए बहुआयामी रणनीति बनाई गई है। कलेक्टर ने जलकुंभी हटाने की प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया और नगर निगम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह अभियान जनभागीदारी से जुड़कर एक जन आंदोलन का रूप ले और शहरवासियों को इसका सीधा लाभ मिले।

### जल्द होगा अभियान का शुभारंभ

नगर निगम द्वारा जल्द ही इस अभियान का शुभारंभ एक भव्य कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा। यह कार्यक्रम दलपत सागर की साफ-सफाई और संरक्षण को लेकर जनजागरूकता का संदेश देगा। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, पूनम सिन्हा, बसंती समरथ, विमल पाण्डे उपस्थित रहे।

# मुक्ति मोर्चा शीघ्र आईजी से मुलाकात कर युवतियों के लिए न्याय मांगेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि दुर्ग नन सिस्टर्स के गिरफ्तारी मामले में नारायणपुर की युवतियों अपने साथ हुए ज्यादतियों को लेकर एसपी के सामने बात रखी है । उन्होंने कहा युवतियों का दर्द सामने आ गया है। अब बस्तर के एकमात्र मंत्री केदार कश्यप अपने ही विधानसभा क्षेत्र की इन बच्चियों के साथ जो बर्बरता हुआ है उसे लेकर क्या आवाज उठाएंगे । उन्होंने कहा है कि लगातार अवैध धर्मांतरण को मुद्दा बनाकर हिंदू संगठन शांति और संस्कृति पर सवालिया निशान लगाते रहे हैं। इस विषय में गृह मंत्री द्वारा विधानसभा में धर्मांतरण को लेकर बताया जा चुका है कि धर्मांतरण पर कुल 102 मामले दर्ज हुए हैं । जिसमें से 44 मामले ही पंजीबद्ध हुए हैं और उसमें से एक भी मामला बस्तर का नहीं है ।

नवनीत ने कहा है कि अवैध धर्मांतरण को लेकर जो धाराएं बनाई गई है देखा जाए तो इसके अंतर्गत एक मामले भी दर्ज नहीं है । जब अवैध धर्मांतरण पर एक भी मामला दर्ज नहीं है तो यह स्पष्ट हो जाता है कि धर्मांतरण ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### सावन के अंतिम सोमवार को निकली शिव की भव्य बारात

**कोण्डागांव।** सावन महीने के अंतिम सोमवार को शहर में भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा शिव बारात बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और अपनी आस्था का प्रदर्शन किया। इस शिव बारात में पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवा और बच्चे शामिल हुए, जिन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती सहित अन्य देवी–देवताओं का रूप धारण किया था। बैंड–बाजे और भक्ति गीतों पर झूमते हुए श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ नाचते–गाते चल रहे थे। शहर के मुख्य मार्गों से गुजरती यह शोभायात्र देखने के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान पूरा शहर हर–हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

### श्रमिकों के बच्चों को 'अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना' का लाभ



**कोण्डागांव।** राज्य सरकार ने श्रमिक परिवारों के बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना शुरू की है। इस योजना के तहत, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के पहले दो बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा दी जाएगी। श्रम अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए, ऐसे विद्यार्थी जो कक्षा 5वीं में अच्छे अंकों और प्रावीण्य सूची के टॉप–10 में पास हुए हैं, उन्हें काउंसलिंग के बाद इस योजना का लाभ मिलेगा। योजना में प्रवेश के बाद, प्रवेश शुल्क, शैक्षणिक शुल्क, गणवेश, किताबें, छात्रवास और भोजन का शुल्क मंडल द्वारा आवासीय विद्यालयों को दिया जाएगा। श्रमिक का छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में एक साल पहले पंजीकरण होना चाहिए। यह लाभ श्रमिक के पहले दो बच्चों को मिलेगा। जीवित श्रमिक पंजीयन कार्ड, छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अंकसूची, वर्तमान कक्षा में अध्ययन का प्रमाण पत्र, स्व–घोषणा प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, प्रवेश सुनिश्चित होने के बाद स्थानांतरण प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद को मिला 'तुलसी अलंकरण' सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

3 अगस्त 2025 को तुलसी मानस प्रतिष्ठान, छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में हाई स्कूल प्रांगण बफना में जिला स्तरीय श्रीमद् गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव एवं अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव को तुलसी अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। परिषद को यह सम्मान क्षेत्र में धर्म, जाति और अन्य भेदभाव से परे मानवता, प्रेम, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण निर्मित करने तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने के लिए प्रदान किया गया।

- 15,000 युवाओं को नि :शुल्क सैन्य प्रशिक्षण, सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी

परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने बताया कि सितंबर 2020 से अब तक लगभग 15,000 युवकों एवं युवतियों को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इनमें से कई का चयन विभिन्न सुरक्षा बलों में हो चुका है। परिषद द्वारा रक्तदान शिविर, मतदाता जागरूकता अभियान, यातायात जागरूकता अभियान और स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक कार्य भी नियमित रूप से किए जाते हैं।

## मानवता और एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए किया गया सम्मानित



### बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर

सुब्रत साहा ने समारोह में उपस्थित माता–पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और विशेष रूप से लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान दें।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर परिषद के जिला अध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती और सेवारत सैनिक उमेंद्र मरकाम भी उपस्थित रहे।

## महिला व बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने आंबा और नशामुक्ति केंद्रों का किया दौरा

# मंत्री ने नशे के नुकसान बता दूर रहने की दी सलाह, बच्चों के पोषण आहार को जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कोंडागांव जिले के दौरे के दौरान विभागीय संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं और बच्चों के हित में संचालित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

- बच्चों से मिलकर दी चॉकलेट अधिकारियों को दिए बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश

मंत्री ने अपने दौरे में नशा मुक्ति केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, बालिका बाल गृह और सखी सेंटर का निरीक्षण किया। बनियागांव में नशा मुक्ति केंद्र का दौरा करते हुए, उन्होंने नशे से ग्रस्त लोगों की संख्या और उनके उपचार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ितों से बात कर नशे के नुकसान बताए और उन्हें इससे दूर रहने की सलाह दी। इसके बाद, मंत्री ने बनियागांव के नयापारा आंगनबाड़ी केंद्र और चिखलपुट्टी के आंगनबाड़ी केंद्र प्लाटपारा का भी दौरा किया। उन्होंने बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार और सिखाई जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने कविता, कहानी और एबीसीडी सुनाकर मंत्री को प्रभावित किया, जिसकी उन्होंने सराहना की और बच्चों को चॉकलेट वितरित की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में किचन और बाथरूम की साफ–सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए संबंधित सीडीपीओ को निर्देश दिए।



### हॉफवे होम और सखी वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने हॉफवे होम और सखी वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया। सखी सेंटर में उन्होंने पीड़ितों की काउंसलिंग प्रक्रिया देखी और समुचित काउंसलिंग कराने का निर्देश दिया। हॉफवे होम में उन्होंने रेस्क्यू किए गए लोगों के स्वास्थ्य, रहने–खाने की व्यवस्था की जानकारी ली और दूसरे राज्य से आए लोगों को उनके गृह राज्य भेजने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बालिका बाल गृह में उन्होंने बच्चियों की खेल उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें पढ़ाई और मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक पीएस एल्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### गारमेंट फैक्ट्री का किया दौरा



महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कोंडागांव जिले के एक दिवसीय दौरे पर विभिन्न स्थानों का दौरा किया। उन्होंने शबरी एंपोरियम पहुंचकर बेलमेटल की कलाकृतियों का अवलोकन किया और शिल्पकारों के काम की सराहना की। इसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध शिल्पकार डॉ. जयदेव बघेल के घर जाकर बेलमेटल बनाने की प्रक्रिया को भी समझा। मंत्री ने कोण्डागांव के कोपाबेड़ा में स्थित राज्य के प्रमुख नारियल विकास बोर्ड का दौरा कर नारियल के उत्पादन को देखा। बोर्ड के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि यहाँ नारियल के साथ–साथ कॉफी और काली मिर्च के पौधे भी लगाए गए हैं। इसके बाद, श्रीमती राजवाड़े ने कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री का भी अवलोकन किया। उन्होंने यहाँ महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा और उत्पादन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कार्यरत महिलाओं से बात की और उनके काम के बारे में जाना। संस्था के अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि यह फैक्ट्री पिछले तीन सालों से चल रही है और इसके माध्यम से शहर की 300 महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। मंत्री ने फैक्ट्री की सराहना करते हुए और अधिक महिलाओं को रोजगार देने का प्रयास करने की बात कही।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक श्री पीएस एल्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# माता लिंगेश्वरी गुफा का द्वार, 3 सितंबर को खुलेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

साल में एक दिन के लिए खुलने वाला मां लिंगेश्वरी गुफा मंदिर का द्वार इस वर्ष 3 सितंबर दिन बुधवार को खुलेगा । यह मंदिर कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लॉक के ग्राम झाटीबन आलोर में पहाड़ी पर स्थित है । साल में एक बार भादो एकादशी के दिन ही गुफा का द्वार खुलता है। यह फैसला मंदिर सेवा समिति ने बैठक में लिया गया है। मंदिर समिति द्वारा सोमवार फरसगांव के रेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी दी गई है। इस वर्ष समिति द्वारा भीड़ को देखते हुए कुछ नियम भी बनाए गए है। ताकि श्रद्धालुओं को माता के दर्शन करने में परेशानियों का सामना न करना पड़े । सभी के सुविधाओ के लिए श्रद्धालुओं को नियमों का पालन करना पड़ेगा । इस वर्ष भी गुफा मंदिर के अन्दर श्रद्धालुओं का प्रवेश प्रतिबंध रहेगा ।

### यह है नियम

वीआईपी दर्शनार्थियों के साथ केवल पांच लोग ही दर्शन कर सकेंगे। वीआईपी को भी गुफा के बाहर से ही दर्शन करवाया जाएगा। जिन भक्तों की मन्नत पूरी हो गई है, उनके साथ सिर्फ एक अन्य लोग कुल तीन लोग ही दर्शन कर पाएंगे। ऐसे दर्शनार्थियों को समिति द्वारा बताए गए स्थान पर ही दर्शन करना होगा। जो भक्त पहली बार मन्नत मांगने आ रहे हैं, उनको लाइन से गुफा में प्रवेश करके दर्शन करना होगा । दर्शन के लिए लाइन एक दिन पहले से प्रारंभ हो जाएगा जो रात तक लगी रहेगी। झाटीबन की पहाड़ियों में स्थित माता लिंगेश्वरी गुफा अपनी प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक महत्व के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। यहां शिवलिंग के रूप में विराजमान माता लिंगेश्वरी के दर्शन के लिए हर साल हजारों भक्त आते हैं। खासतौर पर, संतान प्राप्ति की मन्नत पूरी होने की मान्यता के चलते निसंतान दंपतियों की यहां भारी भीड़ उमड़ती है। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु बड़ी बेसब्री से इस मेले का इंतजार करते हैं।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी किसानों ने देखा कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का सीधा प्रसारण शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र, बोरगांव में हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तरप्रदेश के वाराणसी से इस किस्त को राष्ट्रव्यापी रूप से जारी किया। इस दौरान 9.80 करोड़ किसानों के खातों में 2 हजार रुपये की राशि के रूप में कुल 22 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई।

कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रिले के किसान, जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी और कृषि वैज्ञानिक मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने किसानों को अन्नदाता बताते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में गरीब, किसान, युवा और महिला चार मुख्य स्तंभ हैं। बोरगांव में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीर बदेशा ने किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया और जिले के लाभार्थी किसानों को शुभकामनाएँ दीं।

### विशेषज्ञों ने दी अहम जानकारी

श्रतरुण साना ने फसल विविधीकरण पर जोर देते हुए तिलहन फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुरेश कुमार मरकाम ने प्राकृतिक और जैविक खेती की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. मिश्रा ने गौ–आधारित कीटनाशकों और घनजीवामृत बनाने की विधि के बारे में बताया इसके अलावा, उपसंचालक कृषि डी.पी. टांडे ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। वैज्ञानिक डॉ. हितेश कुमार मिश्रा ने गौ–आधारित कीटनाशकों और घनजीवामृत बनाने की विधि के बारे में बताया, जबकि डॉ. प्रिया सिन्हा ने जैविक खेती में आधुनिक कृषि यंत्रें की भूमिका को समझाया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष मानकुराम, पूर्वी बोरगांव की सरपंच श्रीमती चंद्रकला, श्रीमती सोमादास, धनराज पांडे, प्रवीण राव, प्रवीण पांडे, मुन्नालाल नेताम और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राजमिस्त्री प्रशिक्षण से आवास निर्माण को मिलेगी नई गति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार एवं तकनीकी दक्षता से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आरसेटी रूरल सेल्फ एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट नारायणपुर, जगदलपुर और कांकेर के सहयोग से जिला कोंडागांव के 84 युवाओं को 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में जिले के चयनित प्रतिभागियों को भवन निर्माण की बारीकियों, गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा मानकों एवं आवासीय योजना संबंधी कार्यों की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि जिले में चल रही आवास योजनाओं को कुशल श्रमिकों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण कराना भी है। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिले में बड़ी संख्या में आवास निर्माणाधीन हैं। तकनीकी रूप से प्रशिक्षित मिस्त्रियों की उपलब्धता से न केवल निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि समयबद्ध क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। इससे भविष्य में कोण्डागांव जिले में आवासीय योजनाओं की प्रगति और सुदृढ़ होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले हजारों परिवारों को शीघ्रतापूर्वक पक्के आवास उपलब्ध हो सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा यह प्रयास न केवल रोजगारपरक है, बल्कि यह ग्रामीण बुनियादी संरचना को मजबूत करने की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित होगा।

- आरसेटी नारायणपुर, जगदलपुर एवं कांकेर द्वारा जिले के 84 प्रशिक्षार्थियों को दिया जा रहा

### प्रमाण पत्र एवं रोजगार का अवसर मिलेगा

*प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी निर्माण कार्यों में प्राथमिकता के साथ कार्य करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही इच्छुक युवा निजी स्तर पर भी कार्य प्रारंभ कर स्वावलंबन की ओर बढ़ सकेंगे।*



# मंत्री नेताम ने आश्रम शाला का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास और किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड में स्थित बालक आश्रम, कोसागांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने आश्रम में स्थापित कल्पना कक्ष का विशेष रूप से दौरा किया, जहाँ उन्होंने बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने कंप्यूटर और विभिन्न विषयों की पुस्तकों का अवलोकन किया और बच्चों से उनके कंप्यूटर अनुभव और प्रतिलिपि लेखन के बारे में बातचीत की। मंत्री ने सभी बच्चों को चॉकलेट भी वितरित की। इसके बाद, उन्होंने आश्रम शाला के भवन का निरीक्षण किया और विश्राम कक्ष की स्वच्छता, खिड़कियों में मच्छरदानी, गद्दे, तकिए की स्वच्छता और शौचालय जैसी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपलब्ध संसाधनों के उचित उपयोग के संबंध में भी निर्देश दिए।

- 'कल्पना कक्ष' का दौरा कर बच्चों से की बातचीत

### सीट वृद्धि की घोषणा और शिक्षकों को निर्देश

निरीक्षण के बाद, मंत्री ने स्थानीय ग्रामीणों और आश्रम शाला के बच्चों के साथ सामूहिक चर्चा की। उन्होंने बच्चों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे और शिक्षकों द्वारा कराए जा रहे शिक्षण कार्य का आकलन किया। मंत्री ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि बच्चों को राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, महानायक और महापुरुषों जैसे राष्ट्रीय महत्व के सामान्य ज्ञान से परिचित कराया जाए। उन्होंने बच्चों के लिए संगीत की सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। ग्रामीणों द्वारा आश्रम में सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग पर, मंत्री श्री नेताम ने आश्रम शाला की सीटों को 50 से बढ़ाकर 100 करने की घोषणा की।

# 5 वर्ष पूर्व गुम लड़की को पुलिस ने खोजा और परिजनों को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले गंगाराम नेताम पिता स्व. अर्जुन नेताम निवासी पुसापाल ने 3 सितंबर 2021 को फरसगांव थाना उपस्थित आकर गुम इंसान की सूचना दर्ज कराई। प्रार्थी की बहन कुमारी भागवती नेताम पिता स्व. अर्जुन नेताम उम्र 20 वर्ष निवासी पुसापाल दिनांक जनवरी माह 2020 को घर से बिना बताये निकली थी। शाम रात तक वापस घर नही आने पर आसपास एवं परिजनों के यहाँ पता तलाश किया गया। कहीं नहीं मिलने पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में गुम इंसान क्रमांक 21/2021 दिनांक 3 सितंबर 2021 को कायम कर पता तलाश में लिया गया।ढगुम इंसान लड़की होने से मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए ऑपरेशन तलाश के तहत गुम लड़की की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशन पर एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संजय सिन्दे के नेतृत्व में लगातार हरसंभव पता तलाश की जा रही थी।

पता तलाश के दौरान गुम लड़की का सम्पर्क नम्बर मिलने से बात कर फरसगांव बस स्टेण्ड में बुलाया गया। जहां पर बारीकी से पूछताछ में अपना नाम कुमारी भागवती नेताम पिता स्व. अर्जुन नेताम निवासी पुसापाल का रहने वाली बताने पर उसके परिजन को थाना बुलाकर पहचान हेतु मिलवाया गया। कहां गई थी पूछने पर बताया कि घुमने के लिए अपने सहेली के साथ राजस्थान गई थी। वर्ष 2020, 2021 में कोरोना वायरस के कारण देश में लॉक डाउन होने के कारण राजस्थान के जिला झुन्झुन ग्राम बासयाल में कामधाम कर रहना बताया है। जिसे सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा गया। फरसगांव पुलिस द्वारा कठिन मेहनत और लगन पूर्ण कार्य से अब तक सबसे ज्यादा 10 गुम इंसान को आपरेशन तलाश के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में खोज निकाला है। गुम इंसानों को पाकर परिजनों की आंखें खुशियों से नम हो गई।

## 21 बच्चों का नवीन एवं 33 बच्चों का दिव्यांग प्रमाणपत्र का हुआ एक्सटेंशन

# बीआरसी कार्यालय में दिव्यांग बच्चों के आंकलन के लिए लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड स्त्रोत केंद्र में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रमाणीकरण एवं आंकलन शिविर का आयोजन किया गया आयोजन के लिए जिला कार्यालय द्वारा प्राप्त आदेश अनुरूप विकासखंड के समस्त शालाओं में बीआरपी एवं संकुल समन्वयक के माध्यम से आकलन शिविर के आयोजन की तिथि में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को शिविर स्थल पर उपस्थित कराने हेतु निर्देशित किया। जिला मेडिकल बोर्ड कोंडागांव चिकित्सा डॉ राजेश बघेल सीसी रोग विशेषज्ञ, डॉ कोमल पारेख आप्थाल्मालॉजिस्ट, मधु क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, श्रीमती करुणा मेश्राम आईडियोलॉजिस्ट गोपाल टंडन नेत्र सहायक अधिकारी संकल्प लोन हरे सहायक ग्रेड 3 की उपस्थिति में विकासखंड से आए हुए दिव्यांग छात्र-छात्राओं का जांच की। इस कार्यक्रम में कुल 73 छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया, जिसमें 21 बच्चों का नवीन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया एवं 33 बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र एक्सटेंशन किया गया । इस कार्यक्रम के आयोजन बीआरपी सौम्य देवांगन, शुभांगी देवांगन एवं अतुलसिंग रोल के द्वारा सभी चिकित्सकों के समक्ष बच्चों को परीक्षण करवाया गया । इस कार्यक्रम में तीन छात्र-छात्राओं को व्हीलचेयर और चेयर वितरण किया गया।




### ये रहे उपस्थित

कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक के आदेश अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक के निर्देशन में आयोजित विकासखंड स्तरीय आकलन शिविर में कार्यालय जिला मिशन समन्वयक से सुकटाराम मरावी सहायक कार्यक्रम समन्वयक, विकासखंड फरसगांव के विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम , सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उदित सोनी, बीआरसी अशोक, बीआरपी भास्कर वर्मा , संकुल समन्वयक यशवंत साहू सहित बढ़ी संख्या में पालक एवं शिक्षकगण व दिव्यांग छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### सावन सोमवार को....

सम्पन्न हुआ है और इसका संपूर्ण संचालन भी स्थानीय नागरिकों द्वारा ही किया जा रहा है। आज यह मंदिर न केवल धार्मिक केंद्र है, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक भी बन चुका है।
ये रहे मौजूदः इस पावन आयोजन में एच बी सिंह हेमप्रकाश वर्मा, जितेन्द्र साहू, सुनील शर्मा, गजेंद्र त्रिपाठी, ननकु गुप्ता, खगेन्द्र ठाकुर, अर्जुन गुप्ता, गितेश सिंगाड़े, मिलकेतन पटेल, धर्मेंद्र महापात्र, अनिल वानखेड़े, प्रभात सोनी, कुंदन गवाले, नवीन, मोनू, अंजू सिंह, रवि नाग, विरेंद्र गुप्ता, अरुण शर्मा, सिंह सर, विशाल दुबे, पियूष वानखेड़े, उमंग मंडावी, आदर्श वानखेड़े, राजेंद्र राजपूत, सचिन मालवीय, राधे पटेल, शैलेन्द्र यादव, सरोज सोनी, चंद्रकला ठाकुर, हेमलता वर्मा, रानी वर्मा, प्रिया साहू, पूनम शर्मा, वंदना त्रिपाठी, किरण नाग, संतोषी पटेल, कविता महापात्र, प्रियंका गुप्ता, डिंपल गुप्ता, पूजा ठाकुर, सरला सिंह, नीलावती नाग, रूपेंद्र सिंह, मालती पटेल, अनिल शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

### सांसद ने रामपाल ...

हालचाल जाना। साथ ही मंदिर समिति से संवाद करते हुए धार्मिक महत्व से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का जब वनवासकाल तत्कालीन दंडकारण्य आज के बस्तर में उस समय रामजी ने शिवलिंग की स्थापना की थी। जिसे बस्तर के कई राजवंशों ने समय समय पर संरक्षण दिया। ब्रिटिश काल के दौरान कई अंग्रेज अधिकारियों ने इस मंदिर के दर्शन किये। एक अधिकारी ने मंदिर के लिए घंटी भी दी थी जो आज भी संरक्षित है।

### विधायक ने डुरकाबेड़ा ....

कार्य के पश्चात विधायक ने श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने स्वयं भक्तों को प्रसाद वितरित किया । इसके उपरांत उन्होंने माता हिंगलाजिन की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के विकास, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान गोपाल कश्यप, अर्जुन पांडे, अचिंत गुलाटी, रामचंद्र नाग, अनुराग बघेल, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर, गुप्तेश्वर मांझी, जोगेश बघेल, मेघनाथ नेताम, एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### मुक्ति मोर्चा शीघ्र ....

का मुद्दा बनाकर मौजूदा सरकार और हिंदूवादी संगठन सियासी महत्वाकांक्षाओं का खेल खेल रहे हैं। उन्होंने कहा आदिवासी युवतियों ने नारायणपुर एसपी को लिखित आवेदन में कहा है कि धर्मांतरण और अन्य विषय को लेकर उनके साथ कोई लालच देने, जबरदस्ती या ज्यादतियें नहीं हुई है । मुक्ति मोर्चा के संयोजक ने आगे कहा है कि दुर्ग मामले में शामिल नेत्री के ऊपर एफआईआर कब दर्ज होगी। इस विषय को लेकर मोर्चा शीघ्र आईजी से मुलाकात करेंगी और एफआईआर की मांग करेगी ताकि युवतियों को पूरा न्याय मिले।

## खबर संक्षेप

### प्रथम पालक-शिक्षक बैठक 6 को

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में प्रथम पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन 6 अगस्त को समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल और सुचारू क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को आदेशित किया गया है। समस्त स्कूलों में पालक-शिक्षक बैठक सफलता पूर्वक संपन्न करवाने हेतु नोडल और सहा. नोडल एवं संबंधित संकुल के प्राचार्य को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने चला रहे अभियान



**सुकमा।** जिले में शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु शिविरों का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकित स्थलों में पंजीयन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद सुकमा क्षेत्र अंतर्गत 1 से 7 अगस्त तक समस्त वार्डों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहाँ हितग्राहियों से वश्यक दस्तावेज लेकर उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि जिले में सभी पात्र हितग्राही स्वास्थ्य सेवाओं अंतर्गत संचालित योजना के शत प्रतिशत लाभ दिलाना है। इसके लिए हम घर-घर जाकर कार्ड बनाने की पहल कर रहे हैं। शिविरों में आयुष्मान मित्र, स्वास्थ्य विभाग एवं नगरीय निकाय की टीम मिलकर हितग्राहियों को योजना की जानकारी दे रही है एवं तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है।

### खनिज न्यास निधि से होगी 60 अतिथि शिक्षकों की भर्ती

सुकमा। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में संचालित शासकीय हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, भौतिकी, रसायन के व्याख्याता के कुल 60 रिक्त पदों पर जिला खनिज न्यास निधि मद से स्थानीय अतिथि शिक्षक के रूप में स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्रदाय कर करने आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिले के उच्चतर स्कूलों में शैक्षणिक अध्यापन व्यवस्था में सुधार लाये जाने हेतु इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारो से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए सामाजिक सहभागिता एक अनुकरणीय पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर/भानपुरी





विकासखंड बस्तर के प्राथमिक शाला पटेलपारा, राजपुर में आयोजित न्योता भोज और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम ने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता को एक सूत्र में बांधकर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस प्रेरणास्पद आयोजन में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी और खंड स्रोत समन्वयक अजम्बर कोरांम विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में अधिकारियों ने विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों के शैक्षणिक स्तर की समीक्षा की, जिससे वे संतुष्ट नजर आए। तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस आयोजन में सरपंच रचना कश्यप, उपसरपंच सामनाथ कश्यप, जनप्रतिनिधि रघुनाथ कश्यप, मोतिराम कश्यप , संकुल प्राचार्य चरण बघेल, रुपेश बघेल सहित कई ग्रामीणों व युवाओं ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों, पालकों और युवाओं के साथ शैक्षणिक विकास को लेकर खुले मंच पर संवाद किया गया। शाला भवन की स्थिति, शिक्षकों की कमी और शैक्षणिक गुणवत्ता जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। अधिकारियों ने लोगों की जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि समाज का यह सक्रिय योगदान आने वाली पीढ़ी के भविष्य को संवारने में सहायक सिद्ध होगा।

न्योता भोज का आयोजन संकुल समन्वयक गजेंद्र ठाकुर एवं प्रधान पाठक पंचम राम नेगी के निर्देशन में किया गया। भोज की तैयारी में ग्राम के युवाओं बलिराम कश्यप, शांतनु कश्यप, गोलूराम कश्यप, सामनाथ कश्यप, सरिता कश्यप, फाल्गुनी कश्यप, पदमा कश्यप , चीतु राम पटेल तथा पालकों ने मिलकर उत्साहपूर्वक सहयोग किया। शाला के रसोइया सहादेव कश्यप एवं मेहतू सिन्हा ने परिश्रमपूर्वक स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए।कार्यक्रम में सरपंच रचना कश्यप ने विद्यालयों के चहुंमुखी विकास हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा शिक्षकों की कमी, भवन की आवश्यकता आदि समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया, जिन पर अधिकारियों ने शीघ्र समाधान का विश्वास दिलाया।

## संगठन चुनाव : बीटीओए में वार्षिक चुनाव का शंखनाद

# मनोज पैनल ने देवी दंतेश्वरी दर्शन के बाद भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल



बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एशोसिएशन के वार्षिक चुनाव में मनोज सिंह पैनल के प्रत्याशियों ने सोमवार को प्रातः 9 बजे बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दरबार पहुंच दर्शन करने के पश्चात दोपहर 12 बजे किरंदुल बीटीओए कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल कर कहा यूनियन के हित एवं सदस्यों के सम्मान के लिए काम करेंगे।

लौहनगरी में इन दिनों बैलाडीला ट्रक आनर्स एशोसिएशन का चुनाव पूरे सवाब पर है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनोज सिंह और सचिव पद के प्रत्याशी विप्लव मल्लीक दोनों ही अपने पैनल की जीत का दावा कर रहे है। अपने पूरे पैनल के साथ सदस्यों के पास पहुंचकर जनसम्पर्क चालू कर दिया है और जोश के साथ उनका पूरा पैनल और समर्थक उन्हें जीताने में लगे है। मनोज सिंह पैनल मतदाताओं के घर जाकर अपने पैनल के लिये वोट मांग रहे है और बड़ो का आशीर्वाद ले रहे है। इस वर्ष 995 सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, 13 अगस्त को चुनाव होने है। इनके पैनल को चुनाव चिन्ह मंगलवार को आबंटन की जायेगी। वही पैनल के प्रत्याशियों की सूची में अध्यक्ष पद के लिये मनोज सिंह सचिव विप्लव मल्लीक, उपाध्यक्ष रोहित साहू, विजयंत सिंह गौतम वीरू, कोषाध्यक्ष गुनवित सिंह, सहसचिव विस्वजीत सरकार पिंकु व इमरान खान बाबू है।

## बीटीओए के सदस्यों ने बाधित मार्ग को शुरू करने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

मुख्य महाप्रबंधक कोडोली श्रीधर एनएमडीसी लिमिटेड बचेली काम्प्लेक्स से दक्षिण बस्तर की एकमात्र सबसे बड़ी ट्रक मालिकों की संस्था बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोशियशन बीटीओए के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात कर लोडिंग पॉइंट के रोड की समस्या से अवगत करवाया। मुख्य महाप्रबंधक ने अति शीघ्र ही पुनः सुचारु रूप से लोडिंग शुरू करवाने एवं पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि बचेली में भारी बारिश के चलते एनएमडीसी का पुराना मार्केट स्थित टेलिंग डेम लगभग 10.30 बजे ढह गया। जिससे जन जीवन को हताहत होने की किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं हैं। वही रामधर कश्यप, चालकी पारा बचेली के ट्रक मालिक का ट्रक जो की ठीक इसी डेम के नीचे लोडिंग प्लांट जाने वाली सड़क में खराब हों गया था, कटाव के चपेट में आ गया। विदित हों की बचेली में लगातार कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही थीं। भारी बारिश के चलते मिट्टी से बना चेक डेम जो लगभग 52-55 वर्ष पूर्व बना था, कल ढह गया। बीटीओए के सदस्य, स्थानीय जन प्रतिनिधियों, एनएमडीसी के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा डेम के आस पास निवासरत लोगों को आपातकालीन दुर्घटना से सचेत रहने को कहा गया। एनएमडीसी प्रशासन एवं बीटीओए के सदस्यों द्वारा मिट्टी के गाद उठाने के लिए पोकलेन बड़े ड्रोजर मशीनों की व्यवस्था करके लोडिंग प्लांट जाने वाली सड़क मार्ग का सफाई की गयी।

लोडिंग प्लांट जाने वाली सड़क मार्ग में मिट्टी के गाद भर जाने से सुरक्षागत कारणों से लौह अस्यक का परिवहन रोक दिया गया, प्रतिदिन 300 गाड़ियों में इसी मार्ग से लोह अयस्क लोडिंग हेतु जाती है, जिससे ट्रक मालिकों एवं इस व्यवसाय से जुड़े हुए आम लोगों के सामने बड़ी संकट उत्पन्न हुई है। इस दौरान उमेश सिंह गौतम, राहुल असरानी, आकाश गोयल, मनीष नायक, अनिल यादव, विक्रम अग्रवाल, गौरव सिंह, डिवीन थॉमस, सुनील एवं बीटीओए संघ के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## उमेश सिंह पैनल ने नामांकन पत्र किया दाखिल



**दंतेवाड़ा।** बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन की 13 अगस्त को होने वाले बीटीओए के एक वर्षीय चुनाव के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार 5 अगस्त को उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटन किया जाएगा। नाम वापसी और स्कूटनी की तिथि भी 5 अगस्त ही रखी गई है। साथ ही सभी सदस्यों की सहमति से चुनाव अधिकारी के द्वारा एक चुनाव संचालन समिति का भी गठन किया गया है । चुनावी दौर में उमेश सिंह गौतम के पैनल के सचिव पद के उम्मीदवार आकाश गोयल,उपाध्यक्ष पद के लिए राहुल असरानी एवं दीपक बढ़ई,कोषाध्यक्ष पद के लिए मनीष नायक,सह सचिव पद के लिए वैभव गौरांग साहा एवं अविनाश कर्माकर ने अपने समर्थकों के साथ आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार दंतेवाड़ा पहुंच पूजा अर्चना के बाद बीटीओए कार्यालय पहुंच कर नामांकन पत्र जमा किया।

# बच्चों की बुनियादी दक्षता पर विशेष ध्यान देना जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

संकुल केंद्र बचेली 1 एवं बचेली 2 के अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला बड़ेपारा बचेली, प्राथमिक शाला पटेलपारा बचेली एवं पोटाकेबिन बचेली प्राशा पीएम सरस्वती एवं आदर्श माशा का निरीक्षण हरीश सिन्हा खंड शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा एवं आर संजय, जारिना खातून संकुल समन्वयक, संकुल केंद्र बचेली 1, बचेली 2 द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की सहभागिता, मध्याह्न भोजन योजना, टीएलएम शैक्षणिक सामग्री के उपयोग, स्वच्छता व्यवस्था तथा विद्यालय परिसरों की भौतिक स्थिति का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

शिक्षण कार्य में सक्रियता और छात्रों की कक्षा में भागीदारी को सराहा गया। शिक्षकों को निर्देश दिए गए कि वे बच्चों की बुनियादी दक्षताओं पर विशेष ध्यान दें और मूल्यांकन कार्य नियमित रूप से संपन्न करें। विद्यालयों में स्वच्छता एवं अनुशासन व्यवस्था को बनाए रखने हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

आर. संजय द्वारा संकुल स्तर की शैक्षणिक योजनाओं की समीक्षा की गई एवं आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए गए उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए नवाचारों के माध्यम से बच्चों को रुचिकर शिक्षा देने का आग्रह किया।

निरीक्षण के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी हरीश सिन्हा ने अभिभावकों व एसएमसी सदस्यों से संवाद कर विद्यालय विकास में सामुदायिक भागीदारी को आवश्यक बताया और आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## खाद्य प्रतिष्ठान रेस्टोरेंट, होटल का होगा औचक निरीक्षण

**दंतेवाड़ा।** छग शासन के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य जनित बीमारियों, संक्रमण की रोकथाम एवं जन-सामान्य को सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराये जाने के परिप्रेक्ष्य में जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में बने खाबों-बने रहिबों विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह अभियान छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा समेत समस्त 33 जिलों में चलाया जायेगा। 4, 5 एवं 6 अगस्त को उक्त अभियान के तहत स्ट्रीट फूड वेंडर्स, खाद्य विक्रय करने वाले प्रतिष्ठान और रेस्टोरेंटों का औचक निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक जांचे जाएगें। साथ ही अखबारी कागज का उपयोग, बासी खाद्य पदार्थ का उपयोग, पेयजल जांच, वेज-नॉनवेज का कंटेनर में रख-रखाव, खाद्य पदार्थ की अस्वच्छ हैंडलिंग आदि इसके दुष्प्रभाव की जानकारी खाद्य कारोबार कर्ता एवं क्रेता को दी जायेगी।

# अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहें: मंडावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



बस्तर ब्लाक के ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता 2 में ग्रामसभा में ग्राम विकास योजनाओं की समीक्षा, आय-व्यय का ब्यौरा और स्थानीय समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। जिसमें सरपंच ईश्वर मंडावी ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने और ग्राम विकास में सक्रिय भाग लेने का आह्वान किया।

ग्राम पंचायत ने आगामी विकास कार्यों के लिए विस्तृत योजना तैयार करने का निर्णय लिया, जिसमें जल संचयन, सड़क निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ग्रामवासियों ने भी अपने विचार और सुझाव रखे और एकमत से निर्णय लिया कि प्रस्तावित विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। ग्राम सभा की बैठक ने ग्रामवासियों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया और उन्हें अपने गांव के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। ग्राम सभा के समापन के बाद, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास में आम और अमरूद के पेड़ लगाए गए। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पेड़ लगाने के महत्व पर चर्चा की। पेड़ लगाने से न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचता है, बल्कि ग्रामवासियों को भी सीधे लाभ मिलता है। इस अवसर पर उपसरपंच सामबती ठाकुर, सचिव ललित बघेल, सीएसी कृष्णा सिंह ठाकुर, कृषि विस्तार अधिकारी बसंत टोप्पो, शिक्षक, पंचगण और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# आदिवासी समुदाय सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा

हरिभूमि न्यूज : लोहंडीगुड़ा



लोहंडीगुड़ा में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आदिवासी समुदाय की समृद्धि और संस्कृति का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अशोक खापर्डे के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। जिसमें छात्र-छात्रों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम हुए जैसे नृत्य, गायन, भाषण प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियाँ दीं और आदिवासी समुदाय के महत्व को उजागर किया। हर साल 9 अगस्त को मनाया जाने वाला विश्व आदिवासी बड़ी उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह दिन आदिवासी समुदाय के अधिकारों और उनकी जरूरतों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। आदिवासी समुदाय भारत की सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और उनकी समृद्ध परंपराएं, भाषाएं और रीति-रिवाज हमारी विविधता और सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाते हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासियों को उनके अधिकार दिलाने और उनकी संस्कृति को सहेजने के लिए कई पहल की हैं। वनवासियों का मूल मंत्र जल, जंगल जमीन के साथ सादगी भरा जीवन यापन करते हैं। इस कार्यक्रम में पीएम सेजेस लोहंडीगुड़ा के समस्त स्टॉफ एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में हेल्थ मेला का आयोजन अनिवार्य रूप से हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले में केन्द्र एवं राज्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं राज्य व केंद्र सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन स्थित सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले के चारों विकासखंडों दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोंडा में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड पंजीयन, सियान-जतन योजना, सिकल सेल एनीमिया की जांच, क्षय (टीबी) नियंत्रण कार्यक्रम, मलेरिया उन्मूलन, पोषण पुनर्वास केंद्र, नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट, गैर-संचारी रोग नियंत्रण, एवं स्क्रीनिंग, ई-संजीवनी सेवाएं, जन आरोग्य समिति, हेल्थ शिविर, सुरक्षित मातृत्व अभियान, लक्ष्य के विरूद्ध प्रसव, गर्भवती पंजीयन, नेक्स्ट जेन कार्यक्रम समेत अनेक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

# कोसमी गांव में शिक्षा की अलख जगाने निकले सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड



- बच्चों संग किया भोजन, परखी गुणवत्ता, पढ़ाई के लिए किया प्रोत्साहित

विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत कोसमी के युवा एवं शिक्षित सरपंच नीलम कश्यप ने गांव में शिक्षा की अलख जगाने का बीड़ा उठाया है। वे स्कूलों में दस्तक देकर शाला त्यागी एवं ज्यादातर गैर हाजिर रहने वाले बच्चों की जानकारी लेते हैं और बच्चों के पालकों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसी क्रम में सरपंच नीलम कश्यप और पंचों ने प्राथमिक शाला कोसमी में स्कूली बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता परखी। श्री कश्यप ने भोजन करते करते बच्चों से संवाद किया और मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। सरपंच के आत्मीय व्यवहार ने बच्चों का दिल जीत लिया। इस दौरान सरपंच नीलम कश्यप ने प्रतिक्रिया दी कि आज पंचों की उपस्थिति में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुधारने के लिए चर्चा करना एक बहुत ही सकारात्मक पहल रही है। महिला समूह को मध्यान्ह भोजन में पौष्टिक आहार प्रदान करने के लिए कहा, जिससे बच्चों को स्वस्थ और पौष्टिक भोजन मिल सके। मध्यान्ह भोजन योजना का उद्देश्य न केवल बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करना है, बल्कि उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देना है। सरपंच नीलम कश्यप ने आगे कहा- आज मेरे छात्र जीवन की यादें ताज़ा हो गईं। जब मैं बच्चों के साथ भोजन कर रहा था, तो मेरा स्कूली जीवन भी याद आया यह अनुभव निश्चित रूप से मेरे लिए बहुत ही भावपूर्ण और यादगार रहा। मैं आगे भी बच्चों के हित में ऐसे ही कदम उठाता रहूंगा।

प्रोसेस क्रमांक. 109/2025
पेशी तारीख 12/09/2025

:: मुकदमें के फैसले के बारे में समंस ::
(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5, रूल्स 1 और 5)
दीवानी मुकदमा नं. 15/2025 सन्

अदालत :- जितेन्द्र प्रधान, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बस्तर जगदलपुर
श्रीमती निकिता कश्यप व अन्य ..आवेदिकागण
कु. वर्षा कश्यप व अन्य..अनावेदकगण
बनामः- **आम जनता।**

क्योंकि आवेदिकागण ने तुम्हारे खिलाफ उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 15/2025 का मुकदमा दायर किया है, तुम्हे इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि तुम इस अदालत में तारीख 12 माह 09 सन् 2025 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठीक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जोकि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जावो और तुम्हारी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखरी फैसले के वास्ते रखे जाने की वजह से तुम्हें उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा कि जिन पर तुम अपने बचाव को पुख्ती के लिये भरोसा रखना चाहते हो।

तुम्हें ताकीद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो तुम्हारी गैर हाजरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

आज तारीख 25 माह 07 सन् 2025 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — जज

GAYATRI INSTITUTE OF NURSING
JAGDALPUR (C.G.)
नर्सिंग के क्षेत्र में भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर
बस्तर संभाग के छात्र-छात्राओं के लिए हमारी संस्था द्वारा बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम के शिक्षण शुल्क में
50% तक की छूट
शीघ्र ही रजिस्ट्रेशन करें
रजिस्ट्रेशनः सत्र 2025-26 हेतु खुले है
(सीमित सीटें ही उपलब्ध है।)
अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें:-
रायपुर रोड, नयापुल, डोंगाघाट, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)
मो. -8817471777, 9285320024, 8319053694

## खबर संक्षेप

### देवगुड़ी निर्माण कार्य में लापरवाही उजागर

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल के आश्रित ग्राम डुवा में देवगुड़ी निर्माण कार्य को ठेकेदार द्वारा लापरवाही ढंग से बनाया जा रहा है और विधायक निधि के पैसा को ठेकेदार द्वारा दुरूपयोग किया गया है। देवगुड़ी के निर्माण कार्य में ढलाई हुआ है, जिसमें अभी से सीपेज मार रहा है। ग्रामीणों सोमदेव कोरेटी, गायता मानुराम बोगा, चम्पालाल ताम्रकार, उपसरपंच जैन सिंह उइके, कंगालूँ राम दुग्गा, लालसाय मरकाम ने बताया कि ठेकेदार द्वारा लापरवाही ढंग से देवगुडी को बनाया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार द्वारा लापरवाही ढंग से बनाया जा रहा है।

### बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश का मौका 14 तक

कांकेर। कुलपति शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के निर्देशानुसार बीएससी प्रथम सेमेस्टर सीबी, सीबीएमबी, पीसीएम और पीएमजी में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी बस्तर विश्वविद्यालय की वेबसाइट से महाविद्यालय क्रमांक 803 स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर में 14 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

### फांसी लगाकर दी ग्रामीण ने जान

कांकेर। दुधावा चौकी अंतर्गत चोरिया निवासी 50 वर्षीय विष्णु मंडावी ने डोंगरीपारा के घर में 2 अगस्त की रात 9 बजे फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। चोरिया निवासी 55 वर्षीय जंगल सिंह शोरी ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब के नशे में गमछा से फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मत्स्य समिति के लेनदारों से दावा आपत्ति आमंत्रित

कांकेर। जिले के पखांजूर तहसील अंतर्गत युवा विकास मत्स्य सहकारी समिति मर्यादित पीव्ही 42 के परिसमापन की प्रक्रिया के तहत संबंधित सदस्यों एवं व्यक्तियों से लेनदारी-देनदारी के संबंध में दावा-आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं।

# सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है, इसलिए कभी सीखना नहीं छोड़ना चाहिए

## शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए चार दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पहले दिन की शुरूआत स्वागत से हुई, जिसके पश्चात मां सरस्वती एवं महर्षि वेदव्यास की पूजा-अर्चना कर ज्ञान ओर विद्या की कामना की गई।

छात्राओं को संस्था के आदर्श, मूल्य, उद्देश्य और विजन मिशन से अवगत कराया गया। इसके पश्चात सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और व्याख्याताओं ने छात्राओं से परिचय साझा किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






### परिसर धूमकर सभी विभागों को जाना

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में व्याख्याता दीपेश गौतम ने छात्राओं को शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्ति और इंटर्नशिप से संबंधित जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात संस्थागत परिचय सत्र में छात्राओं को पूरे परिसर का भ्रमण कराया गया। जिसमें विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं और कार्यालयों से उन्हें परिचित कराया गया एवं संबंधित संकाय सदस्यों से मिलवाया गया।

इस अवसर पर गणित के व्याख्याता डॉ. बी.एल. देवांगन ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है, इसलिए उन्हें कभी सीखना नहीं छोड़ना चाहिए। वहीं भौतिकी की व्याख्याता डॉ. नमिता अगरकर ने छात्राओं को तकनीकी ज्ञान में दक्ष बनने और शत प्रतिशत प्रयास के साथ अपने भविष्य को बेहतर बनाने पर बल दिया।

प्राचार्य एस.के. त्रिवेदी ने छात्राओं को आत्म-अनुशासन और आलस्य से दूर रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि ये दो गुण किसी भी व्यक्ति के जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही उन्होंने नियमित उपस्थिति और सभी गतिविधियों में भागीदारी को भी आवश्यक बताया।

कार्यक्रम के समन्वयक हेमचंद्र देवांगन ने छात्राओं को आगामी चार दिनों में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी और इंडक्शन कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया।

पर्व : सावन माह में शिवभक्ति में डूबा रहा शहर

# अंतिम सोमवार को निकाली भव्य कांवड़ यात्रा, किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को पूरा शहर भोलेनाथ की भक्ति में डूबा नजर आया। सुबह से ही शहर के विभिन्न शिवालयों, देवालयों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मिथिला मंडल के अनुपमा चौक स्थित हनुमान मंदिर से भव्य कावड़ यात्रा निकली । जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

इस वर्ष भी मिथिला समाज द्वारा पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ कावड़ यात्रा निकाली गई। बोल बम के जयकारों से गूंजते वातावरण में श्रद्धालु जल लेने महादेव घाट पहुंचे, जहां से सभी ने कावड़ में पवित्र जल भरकर हनुमान मंदिर तक पदयात्रा की। मंदिर परिसर में जलाभिषेक व प्रसाद बांटा गया।

श्रद्धालुओं का स्वागत महापौर संजय पाण्डे के नेतृत्व में किया गया। महापौर ने श्रद्धालुओं के पैर धोकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।







**भंगाराम चौक के शिव मंदिर में पूजा अर्चना**

सनातन एकता जागरण मंच ने बस्तर ऑफिसर क्लब के सामने स्थित शंकर मंदिर में विशेष जलाभिषेक व महाआरती का आयोजन किया। इस आयोजन में महापौर ने एमआईसी सदस्य व पार्षदों के साथ शामिल होकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया एवं महाआरती में भाग लिया। भंगाराम चौक स्थित शिव मंदिर से महिलाओं की विशेष कावड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें अधिक संख्या में महिला श्रद्धालु कावड़ लेकर शामिल हुईं। महिलाएं बोल बम के जयघोष के साथ झूमते-गाते नजर आईं। स्टेट बैंक चौक और मंदिर प्रांगण के सामने भाजपा पदाधिकारियों द्वारा महापौर के नेतृत्व में कावड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।



# लालबाग में निमार्णाधीन अटल परिसर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लालबाग क्षेत्र में निमार्णाधीन अटल परिसर का सोमवार को महापौर संजय पाण्डे ने निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों और इंजीनियरों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कर परिसर को शीघ्र जनता को समर्पित किया जाए।

- महापौर ने जल्द पूर्ण करने दिए निर्देश

अटल परिसर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की 9 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की जानी है। प्रतिमा बनकर पूरी तरह तैयार हो चुकी है तथा परिसर के पूर्ण होते ही इसका लोकार्पण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, श्याम सुंदर बघेल, नगर निगम के इंजीनियर एवं तकनीकी स्टाफ उपस्थित रहे।

### पार्क के रूप में विकसित होगा

महापौर को कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, इंजीनियर दीपांशु देवांगन एवं अमर सिंह ने जानकारी दी कि निर्माण कार्य प्रगति पर है बहुत जल्द यह पूरा कर लिया जाएगा। महापौर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए कार्य को बेहतर ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। परिसर को पार्क के रूप में विकसित करने की योजना भी बनाई गई है। परिसर में उन्नत लाइटिंग सिस्टम, हरा-भरा वातावरण और बैठने की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि यह परिसर शहरवासियों के लिए एक प्रेरणादायी और शांतिपूर्ण स्थल बन सके। नगर निगम का प्रयास है कि यह अटल परिसर न केवल एक स्मृति स्थल बने, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन मूल्यों एवं विचारों से प्रेरणा लेने का केंद्र भी बने।

# एड्हाक कमेटी 3 माह के वादे को पूरा नहीं कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



मुस्लिम समाज ने आज कलेक्ट्रेट पहुंच कर बायलाज के अनुसार चुनाव कराने की मांग की। समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने अपर कलेक्टर सीपी बघेल से मिलकर बताया कि अंजुमन इस्लामिया कमेटी वक्फ बोर्ड के अंतर्गत आने वाली संस्था नहीं है । शहर में अंजुमन की कोई प्रापर्टी वक्फ बोर्ड के अंतर्गत नहीं आती है।

- मुस्लिम समाज ने कलेक्टर से की जल्द चुनाव कराने की मांग

यहां जो जमीन जायदाद मुस्लिम समाज के पास है वे ब्रिटिश सरकार के दौरान मस्जिद,कब्रिस्तान और ईदगाह हेतु आबंटित की गयी जमीनें हैं । इसके अतिरिक्त जो जमीनें हैं वे मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा इसाले सवाब के तौर पर जमात को दान की गई जमीनें हैं । जिसकी देखरेख चुनी हुई अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा किया जाता है। परंतु पिछले 8 महिने से पूर्व कमेटी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद वक्फ बोर्ड द्वारा चुनाव संपन्न कराने के नाम पर मुस्लिम समाज को झांसे में लेकर एक प्रशासनिक एड्हाक कमेटी का गठन कर कमेटी का चार्ज समाज के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में लिया गया है । एड्हाक कमेटी को 3 माह में चुनाव कराने का आदेश वक्फ बोर्ड द्वारा दिया गया और एड्हाक कमेटी ने चार्ज लेने के दौरान जमात को 3 माह में चुनाव संपन्न कराकर नयी कमेटी देने का वादा किया था।

तब से आज दिनांक तक एड्हाक कमेटी के द्वारा ना तो चुनाव की तारीखों का ऐलान किया गया और ना ही चुनाव कराने की किसी भी प्रक्रिया को संपन्न किया गया। कलेक्टर से हस्तक्षेप करते हुए चुनाव संपन्न कराने की मांग की गई आश्वासन अपर कलेक्टर ने दिया है।

कलेक्टोरेट में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के वरिष्ठ और युवा पहुंचे थे।




# स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण पर फोकस : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रोटरी हॉल में रविवार को रोटरी क्लब का 54 वां शपथ ग्रहण समारोह संप्पन हुआ । इस अवसर पर नए अध्यक्ष और पदाधिकारीयों ने अपने पद की शपथ ली। सर्वप्रथम रोटरी अध्यक्ष राहुल जैन एवं सचिव अमरदीप सोढ़ी वहीं इनरव्हील अध्यक्षा रेशमा चामड़िया एवं सचिव प्रीति आजाद तथा रोटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष दिव्यांश सिंगल एवं सचिव शुभम सोनी ने शपथ ली। मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल, छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पांडे उपस्थिति रहे। इस मौके पर रोटरी क्लब द्वारा नगर निगम को डिस्पोजल बिन भेंट किया गया। जिसका शुभारंभ महापौर ने किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने कहा इस वर्ष स्वास्थ्य शिक्षा स्वच्छता और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में कई जनकल्याणकारी गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। राहुल जैन ने क्लब के आगामी लक्ष्यों एवं सेवा कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रतिबद्धता जताई। अंत में अतिथियों का सम्मान और धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे। संचालन साहिल बारवटिया एवं निखिल दीवान ने किया ।

- रोटरी क्लब का शपथ ग्रहण समारोह

# मित्रता दिवस पर एकजुट रहने की ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने मित्रता दिवस मनाया। सभी सदस्यों ने मिलकर यह शपथ लिया कि संस्था के प्रति हम सब एक जुट होकर कार्य करेंगे, हम सब के बीच यह मित्रता का संबंध तभी सफल होगा। संस्था द्वारा आगामी दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम करने पर चर्चा हुई। कोषाध्यक्ष हरि माधव दास उनकी पत्नी अर्चना दास को संस्था की ओर से पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर देश भक्ति पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष सुबीर नंदी, सुधीर मंडल, जतिन राय चौधरी, दुलाल घोष, संजीव शील, दृशान चक्रवर्ती, जय गोपाल सरकार, शांतनु नाग, मृणाल मल्लिक,असीम गाइन, सचिन सरकार नीलिमा विश्वास, इन्द्राणी नंदी, निवेदिता राय चौधरी, शेफाली सरकार, डॉ तमा गाइन मौजूद रहे।

- 15 अगस्त को देशभक्ति कार्यक्रम करने का निर्णय

गोस्वामी तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर विचार और कवि गोष्ठी

# धानी धानी चुनर लहराई, सावन का महीना आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर रविवार को विचार एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सरस्वती वंदना के साथ विचार गोष्ठी प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार श्रीवास्तव ने तुलसीदास की जीवनी और उनका साहित्यिक और आध्यात्मिक पक्ष की व्याख्या की । उनके रचित महाकाव्य रामचरित मानस का समाज को सुसंस्कृत करने में योगदान तथा उनकी अनेक कृतियों के संबंध में तथ्यात्मक जानकारी प्रदान की ।

हिमांशु शेखर झा ने गोस्वामी की रचनात्मकता और वाल्मीकि रामायण की तुलनात्मक चर्चा करते हुए कहा कि तुलसीदास के मानस में राम के वन गमन में उद्धृत दंडकारण्य और कोशल प्रदेश को छत्तीसगढ़ में राम के वनगमन के संकेत बस्तर में होने की संभावना जताई तथा बस्तर के बीहड़ अंचल इंजरम की चर्चा करते हुए कहा कि वहां यह माना जाता है कि वहां के कण कण में राम का वास है।




डॉ. सुषमा झा ने कहा कि आज आधुनिकता की चकाचौंध में जहां लोग सोशल मीडिया और फिल्म आदि के मायाजाल में फंस कर अपनी पुरातन संस्कृति से दूर हो रहे है उन्हें यह संदेश देना चाहते हैं कि वे अपने सद साहित्यों का अध्ययन करें । एक बार रामचरित मानस अवश्य पढ़ें जिससे मन वचन और कर्म में ज्ञान और समर्पण का भाव आएगा और सुसंस्कृत समाज का विकास होगा।

पूर्णिमा सरोज ने कहा कि आज सबसे महत्वपूर्ण बात है कि गोस्वामी ने राम चरित मानस, हनुमान चालीसा, विनय पत्रिका जैसी महान कृतियों की रचना कर सु संस्कृति को बहुत ही सहज और सुलभ रूप से समाज में उपलब्ध कराया जिसे समझना अत्यंत सरल है।

वहीं साहित्यिक प्रतिमान को भी ऊंचाइयों तक पहुंचाने में कामयाब रहे। रामचरित मानस की रचना उन्होंने दोहा, सोरठा ,चौपाई जैसे विविध छंदों में रची है।

इस अवसर पर समाज सेवी अनीता राज, गजलकार ऋषि शर्मा ऋषि, जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष शशांक शेंडे,शोभा शर्मा,रवींद्र कुमार भारती, जितेंद्र पांडे, दिनेश पराते,देवश्री गोयल, ग्रन्थालय प्रभारी सूरज निर्मलकर, गोपाल, धनसिंह, कवि, साहित्यकार एवं गणमान्य जनों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। विशेष सहयोग प्रेम सदन साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था, साहित्य साधना शक्ति का रहा। कवि गोष्ठी का संचालन तुलादास मानिकपुरी ने तथा आभार प्रदर्शन नवनीत कमल ने किया।

### सावन पर कविताओं की फुहार

कवि गोष्ठी पर कवियों ने तुलसीदास जयंती एवं सावन विषय पर अपनी रचनाएं पढ़ीं । सर्व प्रथम सरस्वती वंदना की प्रस्तुति रमा कश्यप के द्वारा की गई । नवनीत कमल ने सावन पर अपनी खूबसूरत रचना प्रस्तुत की,धरा का रूप अनुपम है,गिरे जल धार सावन में,बहारें भी महकने को, करें मनुहार सावन में, नीता पांडे ने सावन की हरियाली पर प्रस्तुति दी ,सावन मनमोहक सावन,तुम हो मनभावन, स्वागत हे सावन, तव आगमन से मन हुआ पावन, नवोदित कवि रोमन चंद्र कर्मा ने सावन पर कविता सुनाई, डालेश्वरी पांडे ने कविता को सुरीले अंदाज में सस्वर वाचन किया।

### श्रीराम पर कविता की प्रस्तुति

धानी धानी चुनर लहराई, सावन का महीना आया, सतरूपा मिश्रा ने कोई ला दो बचपन का सावन कविता पढ़ी। प्रियांशु गोस्वामी नवोदित कवि ने बेहद खूबसूरत अंदाज में श्रीराम पर अपनी कविता प्रस्तुत की । राम नाम बस रटत रटत, तुम राघव न बन पाओगे , रघुवर सा बनना है तो, कब मन में राम बिठाओगे, प्रशांत दास मानिकपुरी ने अपनी खूबसूरत कविता सुनाई। वैसे धरा कब लुभाओगी तुम, हर बरसात में मेरे हृदय में बस जाओगी तुम, तुलादास मानिकपुरी ने बस्तर पर अपनी कविता प्रस्तुत की।

### कलम से हुआ रचनाकारों का सम्मान

एच. पी.चन्द्रा ने सावन पर कविता कही, साथ ही प्रियांशु गोस्वामी द्वारा बनाई सुंदर कलाकृति रामदरबार की पेंटिंग का साहित्यकारों ने अनावरण किया। अंत में नवोदित कलम कारों एवं अतिथियों का सम्मान कलम से किया गया।

